# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय
**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**
(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*
नैक द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त **Accredited with 'A' Grade by NAAC**

ज्ञान शांति मैत्री

**प्रो. आनन्द पाटील**
कुलसचिव
**Prof. Anand Patil**
Registrar

आज़ादी का अमृत महोत्सव

दूरभाष/Phone : +91-7152-230902
फैक्स/Fax: + 91-7152-247602


क्रमांक : 21/PRO/HGT/2024/24/60
दिनांक : 12.08.2024

## सूचना

विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों, शिक्षकेतर कर्मियों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त दिशा–निर्देशों के अनुसरण में विश्वविद्यालय में दिनांक 13 से 15 अगस्त, 2024 तक **"हर घर तिरंगा"** अभियान चलाया जा रहा है।

**"हर घर तिरंगा"** अभियान के दौरान दिनांक 13 से 15 अगस्त 2024 तक निम्नांकित कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा :

1. दिनांक 13.08.2024 को विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स से प्रातः 06:00 बजे **साइकिल रैली** प्रारंभ होगी। **साइकिल रैली** डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक, जिला क्रीड़ा संकुल, सेवाग्राम रोड, वर्धा तक जायेगी।
2. **"हर घर तिरंगा"** अभियान के अंतर्गत दिनांक 13.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय स्थित सभी भवनों, छात्रावासों पर ध्वज फहराया जायेगा। इसी दिन आवासों पर ध्वज यथासुविधा फहराया जाएगा।
3. दिनांक 14.08.2024 को प्रातः 08:00 बजे गांधी हिल्स से बोधिसत्त्व डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर समता भवन तक **विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मौन यात्रा** का आयोजन होगा।
4. दिनांक 14.08.2024 को अपराह्न 03:30 बजे वाचस्पति भवन में **विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस प्रदर्शनी,** अपराह्न 04:00 बजे कस्तूरबा सभागार में **विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस संगोष्ठी** तथा सायं 07:00 बजे से **सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम का** आयोजन किया जा रहा है।

उक्त सभी कार्यक्रमों में आपकी उपस्थिति अपेक्षित है।

नोट :

1. साइकिल रैली के लिए अपनी साइकिल अनिवार्य है। साइकिल रैली विश्वविद्यालय के गांधी हिल्स से प्रातः 06:00 बजे प्रारंभ होकर डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर चौक, जिला क्रीड़ा संकुल, सेवाग्राम रोड, वर्धा तक जायेगी।
2. विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मौन यात्रा हेतु दिनांक 14.08.2024 को प्रातः 07:45 बजे तक गांधी हिल्स पर एकत्रित हों।
3. **"हर घर तिरंगा"** अभियान के अंतर्गत दिनांक 13.08.2024 को पूर्वाह्न 11:00 बजे विश्वविद्यालय स्थित सभी भवनों, छात्रावासों एवं घरों पर ध्वज फहराया जायेगा।
4. **"हर घर तिरंगा"** अभियान के लिए दिनांक 12.08.2024 को कार्यालयीन समय में **भंडार एवं क्रय विभाग** से तिरंगा ध्वज तथा ध्वज के लिए यदि आवश्यक हो तो दंड (लाठी) **सचिव, क्रीड़ा समिति के कार्यालय** से प्राप्त कर सकते हैं।
5. क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशक एवं प्रभारी अपने–अपने केंद्रों पर आयोजन सुनिश्चित करें।

इसे सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदनोपरांत निर्गत किया जाता है।

12/08/2024

(प्रो. आनन्द पाटील)

प्रति (ई–मेल द्वारा) : **समस्त शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी ।**

**प्रतिलिपि (ई–मेल द्वारा) :**

1. कुलपति कार्यालय
2. समस्त अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, केंद्र निदेशक, निदेशक, दूर शिक्षा निदेशालय तथा क्षेत्रीय केंद्रों के अकादमिक निदेशक एवं प्रभारी
3. वित्त अधिकारी
4. परीक्षा नियंत्रक
5. पुस्तकालयाध्यक्ष
6. प्रभारी, लीला (विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)
7. संबंधित पत्रावली